डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)

# मोनाल

ई-न्यूज लैटर

Website : www.gpgckaranprayag.com

E-mail : gdc.kpg1979@gmail.com

अंक : चतुर्थ



दिसंबर : 2023



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the National Assessment and Accreditation Council is pleased to declare Dr. Shivanand Nautiyal Government PG College, Karanprayag

Karanprayag, Dist. Chamoli, affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Uttarakhand as

Accredited

with CGPA of 2.34 on four point scale at B grade valid up to October 26, 2028

Date : October 27, 2023

Director

EC(SC)/171/ 1st Cycle/UKCOGN105687

## कॉलेज के 11 टॉपर्स को मिली श्री साईं दास तलवाड़ स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति



21 दिसंबर

महाविद्यालय में वर्ष 2023 परीक्षा के टॉपर्स को श्री साईं दास तलवाड़ स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान की गई। गुरुवार को ऑडिटोरियम में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 11मेधावी छात्र-छात्राओं को 1100 -1100 रुपये नकद, मेडल व प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों में वर्षा नेगी, अमित कंडारी, राजन सिंह, अमीषा, हर्षिता सेमवाल, पवन फर्स्वाण, गौतम नेगी, गुलशन कुमार, दीप्ति, प्रज्ञा व निकिता मैठाणी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा.आर. सी.भट्ट ने बताया कि प्राचार्य विगत चार वर्षों से अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में यह छात्रवृत्ति पूर्व महाविद्यालय से देते आ रहे हैं। कर्णप्रयाग महाविद्यालय में प्रथम बार यह छात्रवृति दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी निवासी स्वर्गीय साईं दास तलवाड़ एक समाजसेवी व अध्ययनप्रेमी रहे हैं। प्राचार्य प्रो.तलवाड़ ने छात्रवृत्ति पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इतिहास प्रवक्ता डा.वी.आर.अन्थवाल ने प्राचार्य को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया।इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी डा.मानवीरेन्द्र कण्डारी , डा.अखिलेश कुकरेती, डा.तौफीक अहमद, डा.राधा रावत, डा.हरीश रतूड़ी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती मीना रियाल , श्रीमती नीलम तलवाड़ ,पीटीए उपाध्यक्ष संदीप पटवाल ,अभिभावक, महाविद्यालय स्टाफ, छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि आयुष नेगी , अन्य पदाधिकारी व अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।




## विजय दिवस के अवसर पर शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित




15 दिसंबर,

महाविद्यालय में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कर्णप्रयाग क्षेत्र के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। एडुसेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए मोहन सिंह नेगी की पत्नी श्रीमती रामेश्वरी देवी, शहीद सुदामा सिंह की पत्नी श्रीमती कस्तुरा देवी तथा शहीद गोपाल सिंह की पत्नी श्रीमती सुलोचना देवी को प्राचार्य ने शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

शेष पृष्ठ सं........ 2 पर

## पृष्ठ सं. 1 का शेष... विजय दिवस के अवसर पर शहीदों.....

प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने कहा कि हमें उतराखंड के वीर शहीदों के बलिदान पर गर्व है। इतिहास प्रवक्ता डा. वी. आर.अन्थवाल ने युद्ध की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए वीरों की शहादत को रेखांकित किया। इस अवसर पर शहीद परिवारों के परिजन ललित व राजबीर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.आर.सी. भट्ट ने किया। सम्मान समारोह में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के सुरेन्द्र सिंह, समस्त प्राध्यापक, छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर एनएसएस ने निकाली जागरूकता रैली, प्रतियोगिताओं का भी हुआ आयोजन

1 दिसंबर




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना ने रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में जनजागरण रैली निकाली। एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. चन्द्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डा. हिना नौटियाल व डा.चंद्रमोहन जनस्वाण के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित रैली को प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने परिसर से रवाना किया। प्राचार्य ने कहा कि एड्स की सही जानकारी ही इसका बचाव है। जनजागरण के माध्यम से एड्स की रोकथाम संभव है। रैली में स्वयंसेवी हाथों में एड्स बचाव संबंधी नारे लिखी हुई तख्तियां लिये हुए थे। रैली परिसर से होते हुए पोखरी पुल व बस स्टैंड तक गई जहां आम जनता को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर , नारे लेखन व भाषण प्रतियोगिताओं में आरजू, हिना व निधि चमोली को प्रथम स्थान मिला। इसके अतिरिक्त अंतरा,वन्दना,लता,लवली,अंशुल,सलोनी को भी पुरस्कृत किया गया।

## मतदाता पहचान पत्र हेतु शिविर आयोजित

4 दिसंबर



निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार को बी.एल.ओ. श्रीमती पुष्पा देवी की देखरेख में उन विद्यार्थियों से फार्म6 भरवाये गये जिनकी आयु पहली जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक है और उनके मतदाता पहचान पत्र अभी तक नहीं बने हैं। कैप में लगभग 25 विद्यारूथियों का पंजीकरण हुआ। कैंप को उपयोगी बताते हुए प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने कहा कि देश के जिम्मेदार नागरिक का परम कर्तव्य है कि वह मतदाता के रूप में पंजीकृत हो और हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करे। मतदाता जागरूकता अभियान में निर्वाचन साक्षरता क्लब के कैंपस एम्बेसेडर डा.कविता पाठक व डा.सत्यराज सिंह सहित डा.के.आर.डंगवाल और डा.चंद्रमोहन जनस्वाण आदि मौजूद रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष पर एनसीसी ने आयोजित की कार्यशाला

8 दिसंबर





एनसीसी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं द्वारा मिलेट्स यानि मोटे अनाज की उपयोगिता एवं इसके महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विषय विशेषज्ञ डा. इंद्रेश कुमार पांडेय सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान ने बताया कि मिलेट्स पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं, इसके साथ ही मिलेट्स क्लाइमेट चेंज को रोकने में भी सहायक हैं। डा. हरीश बहुगुणा सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने कहा कि मिलेट्स वर्तमान परिस्थितियों में पलायन को रोकने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में सहायक हैं। नेशनल कैडेट कोर के सहयोगी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. वाई.सी. नैनवाल ने इस अवसर पर कहा कि मिलेट्स शुगर , रक्तचाप एवं कान्सटीपेशन जैसी बीमारियों को रोकने में विशेष लाभकारी हैं। डा.वी.आर.अन्थवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए अपनी पारंपरिक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है। प्राचार्य ने विषय विशेषज्ञों एवं उपस्थित प्राध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत ही सूक्ष्म अंतराल में हमने मिलेट्स पर एक सफल कार्यशाला का आयोजन किया है, जिसके लिए सम्पूर्ण महाविद्यालय बधाई का पात्र है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट द्वारा भी प्रस्तुतियां दी गई तथा कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व, मुख्य रक्षा सचिव स्वर्गीय श्री विपिन रावत जी को उनकी पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## महाविद्यालय का निर्वाचन साक्षरता क्लब चलायेगा वृहद जागरूकता अभियान : डा.कविता

8 दिसंबर



महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की कैंपस एम्बेसेडर व विभागाध्यक्षा राजनीति विज्ञान डा. कविता पाठक ने बताया कि 7 व 8 दिसंबर को महाविद्यालय में मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी मतदाता बनने से वंचित न रहने पाये। इस कार्य हेतु निर्वाचन साक्षरता क्लब विशेष अभियान चलायेगा। दो दिवसीय शिविर में बी.एल.ओ.मनोहर प्रसाद पुरोहित व सुपरवाइजर राजेश कुमार गोरखा ने उन विद्यार्थियों से फार्म 6 भरवाये जिनकी आयु पहली जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक है और उनके मतदाता पहचान पत्र अभी तक नहीं बने हैं। शिविरावधि मे 18 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना सभी का परम कर्तव्य है। शिविर संचालन में छात्र संघ पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। छात्र संघ अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी सभी से मतदाता पहचान पत्र बनवाने की अपील की।

## फीलगुड फाउंडेशन ने छात्राओं को दी मासिक धर्म जागरूकता की जानकारी



9 दिसंबर

महाविद्यालय में फीलगुड फाउंडेशन द्वारा छात्राओं को 'स्वस्थ बिटिया-स्वस्थ भारत' अभियान के तहत मासिक धर्म जागरूकता की जानकारी दी गई। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में फीलगुड फाउंडेशन के निदेशक आशीष रंजन ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त सेनेटरी पैड बेहतर स्वास्थ्य देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। महिला सशक्तीकरण अभियान की सदस्या पूनम राणा ने कहा कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं की अधिक संख्या है , इस दृष्टिकोण से भी मासिक धर्म जागरूकता अभियान की उपयोगिता बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान इस अभियान पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम अधिकारी डा.हिना नौटियाल ने कहा कि 'हेल्थ एंड हाइजीन' आज के समय की मांग है। कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्षा कांता रावत ,डा.शीतल देशवाल , डा.नेहा तिवारी पाण्डेय ,डा.दिशा शर्मा,डा.कविता पाठक , डा.स्वाति सुन्दरियाल , डा. पूनम सहित अनेक प्राध्यापिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।

## राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद का हुआ गठन, शिवानी बनी अध्यक्ष




11 दिसंबर,

महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद का गठन किया गया। सोमवार को विभागाध्यक्षाडा. कविता पाठक, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. एम. एल. शर्मा व डा.के.आर.डंगवाल की देखरेख में अध्यक्ष शिवानी ,उपाध्यक्ष शुभम मंमगाई , सचिव निकिता मैठाणी,सह सचिव दीक्षा व कोषाध्यक्ष अन्जनैय नैनवाल चुने गये। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने चुने गये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभागीय परिषद एक ऐसा मंच है ,जिसके माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। आज का समय प्रतियोगिता का समय है और विभागीय परिषद के अंतर्गत समय-समय पर वाद-विवाद व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के साथ समूह-चर्चा व व्याख्यानमालाओं का आयोजन भी किया जाना चाहिए।

## शहीद के परिजनों का किया सम्मान

कर्णप्रयाग, संवाददाता। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कर्णप्रयाग क्षेत्र के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए मोहन सिंह नेगी की पत्नी रामेश्वरी देवी, शहीद सुदामा सिंह की पत्नी कस्तुरा देवी तथा शहीद गोपाल सिंह की पत्नी सुलोचना देवी को प्राचार्य ने शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि हमें उतराखंड के वीर शहीदों के बलिदान पर गर्व है। इतिहास प्रवक्ता डा.वीआर अन्थवाल ने युद्ध की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए वीरों की शहादत को रेखांकित किया। इस अवसर पर शहीद परिवारों के परिजन ललित व राजबीर भी उपस्थित रहे।



कर्णप्रयाग में शुक्रवार को वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। ● हिन्दुस्तान

## इतिहास विभागीय परिषद गठित, अंकुर थपलियाल बने अध्यक्ष



14 दिसंबर

महाविद्यालय के इतिहास विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर अंकुर थपलियाल एम. ए. तृतीय सेमेस्टर, एम. ए. प्रथम सेमेस्टर से बबीता सती उपाध्यक्ष पद पर, बी. ए. तृतीय वर्ष से कमल बिष्ट सचिव पद पर , बी. ए. तृतीय सेमेस्टर से अमीषा रावत कोषाध्यक्ष पद पर,बी.ए.प्रथम सेमेस्टर से रुपा को सह- सचिव पद पर चयनित किया गया और साथ ही प्रत्येक कक्षा से छात्र प्रतिनिधि भी चयनित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि विभागीय परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है। सामूहिक चर्चा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं अतः इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा.पूनम , डा.स्वाति सुन्दरियाल, डा.वी.आर.अन्थवाल एवं राजनीति विज्ञान विभाग से डा.कविता पाठक , डा. एम. एल. शर्मा, डा. कीर्तिराम डंगवाल सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## अंग्रेजी विभागीय परिषद का हुआ गठन, विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



15 दिसंबर

अंग्रेजी विभाग में विभागीय परिषद् का गठन किया गया। कनिका एम. ए.तृतीय सेमेस्टर अध्यक्ष एवं प्रियंका एम. ए. प्रथम सेमेस्टर उपाध्यक्ष चुनी गई। सचिव के रूप में बी. ए. तृतीय वर्ष से अर्चना, संयुक्त सचिव के रूप में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर से अजय कुमार, सह सचिव पद पर बी.ए. प्रथम सेमेस्टर से कशिश बिष्ट का चयन किया गया। प्राचार्य प्रो. के.एल.तलवाड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभ संदेश दिया तथा अंग्रेजी विभाग को विभागीय परिषद के सफल गठन की विशेष शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि विभागीय परिषद् के क्रियान्वयन से विद्यार्थियों में लोकतंत्र की कार्यशैली की विशेष समझ और लोकतंत्र में अपने दायित्वों को निभाने की कला विकसित होती है। विभाग प्रभारी डा. दिशा शर्मा तथा सहायक प्राध्यापक डा. पंकज कुमार ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करेंगे। इसके पश्चात विभाग में निबंध लेखन,भाषण तथा प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रश्नोत्तरी में स्तुति डिमरी ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय तथा सोहन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आलिया सिद्दीकी ने प्रथम तथा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा निबंध लेखन में अंकित ने प्रथम, तनीषा सती ने द्वितीय तथा आलिया सिद्दीकी एवं स्तुति डिमरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा. रविंद्र कुमार , डा. दीप सिंह, डा. हिना नौटियाल , डा. शीतल देशवाल , डा. विजय कुमार , डा. कीर्ति राम डंगवाल, डा. मदन लाल शर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## इतिहास विभाग की फ्रेशर्स पार्टी में मानवमणि मिस्टर फ्रेशर व नेहा मिस फ्रेशर चुने गये

15 दिसंबर



इतिहास विभाग के एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा नव -प्रवेशित एम. ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्रा को मि. फ्रेशर व मिस.फ्रेशर चुना गया। मानव मणी व नेहा को क्रमश: मि. फ्रेशर व मिस. फ्रेशर का खिताब मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ द्वारा छात्र- छात्राओं को इस स्वस्थ परंपरा को बनाए रखने हेतु बधाई व शुभाशीष प्रदान किया गया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा.पूनम , डा.स्वाति सुन्दरियाल , डा.वी.आर.अन्थवाल सहित राजनीति विज्ञान विभाग से डा.मदन लाल शर्मा , डा.कीर्ति राम डंगवाल व एम.ए.इतिहास के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## हिन्दी विभागीय परिषद का हुआ गठन

15 दिसंबर




हिंदी विभाग के विभागीय परिषद का गठन किया गया। विभागीय परिषद के गठन में एम० ए० तृतीय सेमेस्टर, एम०ए०प्रथम सेमेस्टर,बी०ए० प्रथम, बी०ए० तृतीय सेमेस्टर व बी०ए०तृतीय वर्ष हिंदी विषय की समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में अध्यक्ष पद हेतु कामिनी एम०ए० तृतीय सेमेस्टर , उपाध्यक्ष प्रियंका एम०ए० प्रथम सेमेस्टर, सचिव गौरव पोस्ती बी०ए० तृतीय वर्ष, संयुक्त सचिव प्रियंका बी० ए० तृतीय सेमेस्टर और सहसचिव अंकिता बी० ए० प्रथम सेमेस्टर को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० के० एल० तलवाड़ , हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ० राधा रावत, डा. रवीन्द्र सिंह व डॉ० चन्द्रमोहन जनस्वाण उपस्थित रहे।

## विभागीय परिषद गठित, चार्ट व मॉडल प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

16 दिसंबर




रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु विभागीय परिषद का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कु. दीक्षा एम. एस - सी. तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष सदमान अंसारी एम.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर, सचिव कु. साहिबा बी. एस-सी. तृतीय वर्ष , सह सचिव कु. दिया डिमरी बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष अंशुल रावत बी.एस-सी.तृतीय सेमेस्टर तथा सदस्य हेतु समस्त विभागीय छात्र-छात्राओं को चुना गया। गठन के बाद चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नवल किशोर जोशी ने प्रथम स्थान, कु. कामिनी, कु. कनिष्का तथा...................... शेष पृष्ठ सं........ 5 पर

## स्पर्श गंगा दिवस के मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों ने निकाली रैली, अलकनंदा तट पर की सफाई

17 दिसंबर

स्पर्श गंगा दिवस के मौके पर एनएसएस की तीनों इकाइयों ने संयुक्त रूप से जनजागरण रैली निकाली। गंगा सहित अन्य सहायक नदियों व जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को महाविद्यालय परिसर से रवाना करते हुए कहा कि नदियां ही प्राणदायिनी हैं, इनकी निर्मलता को अक्षुण्ण रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। रैली में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं के हाथों में तख्तियां थी जिन नारे लिखे थे- स्पर्श गंगा है अभियान , नदियों को दें पूरा सम्मान। तथा जन-जन को जगाना है, नदियों को स्वच्छ बनाना है। स्वयंसेवी इसके बाद अलकनंदा तट पर पहुंचे तथा बिखरी हुई गंदगी को साफ कर नदियों की निर्मलता का संदेश देने का प्रयास किया। रैली का नेतृत्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा , कार्यक्रम अधिकारी डा. हिना नौटियाल व डा.चंद्रमोहन जनस्वाण द्वारा किया गया। स्वयंसेवियों के उत्साहवर्धन के लिए इस मौके पर डा. दिगम्बर राणा,डा.वी.आर.अन्थवाल,जे. एस. रावत,बद्रीश कुमार, स्वयंसेवी राहुल, सलोनी, सावन, अजय, अमित व अंशुल आदि मौजूद रहे।






## अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) का हुआ गठन,लखपत सगोई बने अध्यक्ष

18 दिसंबर



सत्र 2023-24 के लिए अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) का गठन किया गया। सोमवार को एडुसेट सभागार में आयोजित अभिभावकों की बैठक में सर्वसम्मति से लखपत सगोई को अध्यक्ष एवं संदीप पटवाल को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव का दायित्व डा.वाई.सी.नैनवाल तथा सह सचिव का दायित्व डा.चंद्रावती टम्टा को दिया गया। सदस्य के रूप में कमला वशिष्ठ दीपा पुरोहित, वीना पुरोहित, महेन्द्र सिंह, संजीदा व उमेश खंण्डूडी को सम्मिलित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि पीटीए महाविद्यालय प्रशासन और अभिभावकों के बीच सेतु का कार्य करता है। पीटीए से मिला फीडबैक महाविद्यालय के उन्नयन और विकास में अत्यंत सहायक होता है। बैठक में पीटीए सचिव डा.नैनवाल ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की तथा भावी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर डा.हरीश रतूड़ी, डा.आर.सी. भट्ट व डा.हरीश बहुगुणा, डा. राधा रावत आदि मौजूद रहे।

पृष्ठ सं. 5 का शेष.................. **विभागीय परिषद गठित.....**

कु.आंचल रावत ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से विवेक चमोला एवं अनुज रहे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विभागीय परिषद के क्रियाकलापों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है। विभाग प्रभारी डा.वाई. सी. नैनवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा किये गए परिषदीय क्रियाकलापों से वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। इस अवसर पर शिक्षक डा.सुशील चंद्र सती, कमलेश लोहनी व लैब स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भूगोल परिषद का हुआ गठन, आयुष चुने गए अध्यक्ष




20 दिसंबर

भूगोल विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर आयुष एम.ए.तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष पद पर मनीष पुरोहित एम.ए. प्रथम सेमेस्टर से सचिव पद पर शिवानी बी. ए.तृतीय वर्ष, सहसचिव पद पर प्रियंका बी.ए.तृतीय सेमेस्टर से, कोषाध्यक्ष पद पर शिखा बी.ए.प्रथम सेमेस्टर से चयनित किया गया और साथ ही प्रत्येक कक्षा से कक्षा प्रतिनिधि के रूप मे एक- एक छात्र एंव छात्रा को भी मनोनीत किया गया। संजय सिंह, मोनिका एम ए तृतीय सेमेस्टर , सूरज, पूनम एम ए प्रथम सेमेस्टर से, जगदीश बी ए तृतीय वर्ष , आयुष मुनियाल बी ए तृतीय सेमेस्टर , सारिका थपलियाल बी ए प्रथम सेमेस्टर से चयनित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि विभागीय परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है। सामूहिक चर्चा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होती हैं। अतः इस प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभाग प्रभारी डॉ तौफिक अहमद , डॉ आर सी भट्ट, डॉ नेहा तिवारी पाण्डेय, डॉ नरेंद्र पंघाल, सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। परिषद की कार्ययोजना मे तय किया कि शिक्षण सत्र 2023-24 मे भूगोल विभाग के छात्र एंव छात्राओ के मध्य विभागीय परिषद के अन्तर्गत आपदा प्रबंधन एवं हिमालय क्षेत्र मे हो रहे भूस्खलन पर सेमिनार एंव शोध अनुसंधान पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजनकिया जायेगा।

## वाणिज्य विभागीय परिषद गठित,निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित



20 दिसंबर

वाणिज्य विभाग में वाणिज्य परिषद का गठन किया गया, जिसमें परिषद की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद हेतु हर्षिता सेमवाल उपाध्यक्ष पद हेतु निधि चमोली सचिव पद हेतु कपिल सह सचिव पद हेतु बंदना तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु शिवानी खत्री चयनित हुए हैं। इस अवसर पर " 2047 का विकसित भारत" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें हर्षिता सेमवाल प्रथम निधि चमोली द्वितीय तथा शिवानी खत्री तृतीय रही। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डा. अखिलेश कुकरेती ,वाणिज्य विभाग प्रभारी डा.हरीश चन्द्र रतूड़ी, प्राध्यापक डा. रवीन्द्र कुमार, हिना नौटियाल, दीप सिंह, नेतराम, विजय कुमार एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## गणित विभाग ने आयोजित किया'राष्ट्रीय गणित दिवस'



22 दिसंबर

गणित विभाग में विभागीय परिषद, रामानुजन क्लब द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, चार्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को प्राचार्य प्रो.के.एल. तलवाड़ द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रमका संचालन बी. एस-सी. प्रथम सेमेस्टर की विद्यार्थी कु. कामिनी और विवेक चमोला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गणित विभाग प्रभारी डा. रूपेश कुमार श्रीवास्तव, डा. शीतल देशवाल, डा. गोपी प्रसाद व डा. के. के. द्विवेदी सहित वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## भूगोल विभाग में हुआ फ्रेशर्स के लिए परिचय पार्टी-2023 का आयोजन



23 दिसंबर

भूगोल विभाग में फ्रेशर्स पार्टी में राहुल मिस्टर फ्रेशर्स व शालिनी मिस फ्रेशर्स चुने गये। शनिवार को भूगोल विभाग में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ द्वारा सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्र-छात्राओं ने इस अवसरपर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभाओं को भी उजागर करते हुए गढ़वाली लोकनृत्य प्रस्तुत किये। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि अध्ययन के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभागकरने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है। इस अवसर पर डा.मानवीरेन्द्र सिंह कंडारी व डा.वाई.सी नैनवाल ने विद्यार्थियों को कॅरिअर के प्रति सजग रहने की बात कही। कार्यक्रम में भूगोल विभाग प्रभारी डा.तौफिक अहमद , डा.आर.सी.भट्ट, डा.नेहा तिवारी पाण्डेय व डा. नरेंद्र पंघाल सहित एम. ए.तृतीय व प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## महाविद्यालय की एनसीसी की दो कैडेट्स गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली में करेंगी प्रतिभाग

29 दिसंबर, महाविद्यालय की एनसीसी इकाई (1 UK Bn, 13 SDPL GPGC Karanprayag) से दो कैडेट निकिता खण्डूड़ी , बी.ए. तृतीय वर्ष एवं कैडेट याशी, बी० एस-सी तृतीय सेमेस्टर , जनवरी 2024 में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस शिविर (आर.डी.सी.कैंप) में प्रतिभाग करेंगीं। उल्लेखनीय है कि आर.डी.सी.कैंप एनसीसी का सबसे बड़ा शिविर माना जाता है , जिसमें कैडेट्स का उनकी योग्यता के आधार पर अखिल भारतीय स्तर पर चयन किया जाता है। पिछले कई वर्षों से महाविद्यालय के एन. सी.सी. कैडेट्स गणतंत्र दिवस शिविर में प्रतिभाग करते आ रहे हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. के. एल तलवाड़ ने दोनों एनसीसी कैडेट्स एवं एनसीसी प्रभारी ले. (डा.) वाई.सी. नैनवाल को शुभकामनाएं दी और अन्य कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिन कैडेटों का चयन इस बार नहीं हो पाया है वह अपनी मेहनत के बल पर अगले वर्ष हेतु प्रयासरत रहें।
























Garhwal Post, Dehradun
24th December 2023


4 Garhwal Post www.garhwalpost.in Dehradun, 24 Dec, 2023 Dehradun

Meritorious students awarded Sai Das Talwar Memorial Scholarships























डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली) की महाविद्यालयी गतिविधियों एवं सूचनाओं के प्रसार हेतु

संरक्षक प्राचार्य प्रो. (डॉ.) के. एल.तलवाड़,

संपादक डॉ. मृगांक मालासी,

सह-संपादक डॉ. मदन लाल शर्मा सह संपादक डॉ. पंकज कुमार यादव,

छात्र संपादक - अमीषा रावत, तनीषा सती, प्रज्ञा

ई-न्यूज़ पत्र मोनाल का महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन लागत रहित प्रकाशन